हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

(लखनऊ से प्रकाशित)

वर्षः- 02, अंकः-226, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.
लखनऊ, मंगलवार 28 जनवरी 2025




एलडीए ने 40 बीघा अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया, चिनहट में ...02

सज्जाद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी...06

# गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने लगाई संगम में डुबकी, संत समाज ने दिया आशीर्वाद

■ पीठाधीश्वरों संग गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी ने किया संगम स्नान ■ स्नान के बाद संगम स्थल पर ही किया विशेष पूजन और संगम आरती ■ मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री और उनके परिवार को भेंट किया चांदी का कुम्भ कलश









**महाकुम्भ नगर, (संवाददाता)।** गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मठों, मंदिरों और अखाड़ों के संतों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संगम में पवित्र डुबकी लगाई। संत समाज ने उन्हें वैदिक विधि से स्नान करवाया और मां गंगा का पावन जल गृहमंत्री पर छिड़क कर पूजा-अर्चना कराई। स्नान के बाद गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने संगम पर ही विशेष पूजा अर्चना की और संगम आरती में भी हिस्सा लिया।

इस दौरान, गृहमंत्री अमित शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटे जय शाह और पुत्र वधू व पोतियों ने भी स्नान और पूजा पाठ में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृहमंत्री को कुम्भ कलश भी भेंट किया, जबकि साधु संतों ने उन्हें माला पहनाई और चंदन व टीका लगाया।

भगवा वस्त्रों में गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद, निरंजनी पीठाधीश्वर कैलाशानंद और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, बाबा रामदेव समेत अन्य संतों के साथ संगम में डुबकी लगाई। संतों ने गृहमंत्री को वैदिक विधि से स्नान कराया और उन पर संगम का जल छिड़का।

इसके बाद गृहमंत्री ने सूर्य को अर्घ्य भी दिया। तीर्थ पुरोहितों ने गृहमंत्री और मुख्यमंत्री की संगम स्थल पर ही विशेष पूजा अर्चना कराई और फिर विशेष संगम आरती का भी आयोजन हुआ। संगम पर मां गंगा, यमुना और सरस्वती के जयकारे गूंजे। इस दौरान शाह परिवार के सबसे छोटे सदस्य को भी संतों का आशीर्वाद मिला। पूजा की वेदी पर मुख्यमंत्री योगी ने भी बच्चियों को दुलराया और उनसे हंसी ठिठोली की। इसके बाद शाह और योगी ने मां गंगा और भगवान भास्कर को प्रणाम किया।

### परिवार समेत किया पूजन और संगम आरती

अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम स्नान के बाद वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच पूजन अर्चन किया। पूजा के बाद संगम आरती भी कराई गई। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह मंत्री को चांदी का कुम्भ कलश भेंट किया। यहां से वो सीधा अक्षयवट के लिए रवाना हो गए। संगम स्नान और पूजन के दौरान उनके साथ जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि, निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर कैलाशानंद, बाबा रामदेव, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, जूना अखाड़े के हरिगिरि समेत तमाम अखाड़ों के वरिष्ठ महंत भी मौजूद रहे।

### गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने संतों संग की महाकुम्भ पर चर्चा

इससे पहले, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी ने संगम में अरैल स्थित वीआईपी घाट से प्रवेश किया। दोनों नेताओं ने क्रूज की सवारी की। मां गंगा को प्रणाम किया। इसके बाद साइबेरियन पक्षियों को दाना भी खिलाया। क्रूज पर बने विशेष कक्ष में गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी ने जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद, अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक महंत हरि गिरी और अध्यक्ष महंत प्रेम गिरी के साथ महाकुम्भ पर विशेष मंत्रणा की। संगम स्नान के दौरान बाबा रामदेव और सतुआ बाबा ने मुख्यमंत्री योगी को अलग से डुबकी लगवाई।

### गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने अक्षयवट का दर्शन कर की परिक्रमा

गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ नगर में अक्षयवट का दर्शन किया। मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री की अगवानी की, जिसके बाद मुख्य पुजारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई। गृहमंत्री ने अक्षयवट की आरती उतारी और मुख्यमंत्री के साथ पुष्प अर्पित किए। संत समाज के साथ गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने अक्षयवट की परिक्रमा की और महाकुम्भ के तैयारियों पर चर्चा की।

### महाकुम्भ पहुंचकर गृहमंत्री बोले, ये एकता का महाकुम्भ

महाकुम्भ के महाआयोजन को लेकर महाकुम्भनगर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसे एकता का महाकुम्भ करार दिया। यह हमारे सनातन जीवन-दर्शन और समरसता पर आधारित अखंड परम्परा को दर्शाता है। गृहमंत्री ने कहा, आज धर्मनगरी प्रयागराज में एकता और अखंडता के इस महापर्व में संगम स्नान करने और संतजनों का आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हूं। प्रयागराज पहुंचने पर गृहमंत्री के आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या, ब्रजेश पाठक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उनका भव्य स्वागत किया।

## उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बना

सीएम धामी बोले- हलाला, एक से ज्यादा शादियों, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लगेगी




**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) आज से लागू हो गया है। मुख्यमंत्री आवास में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसका ऐलान किया। यह कार्यक्रम सीएम आवास के मुख्य सेवक सदन में आयोजित किया गया। सीएम धामी ने कहा कि हमने 3 साल पहले जनता से किए गए वादे को पूरा किया। यूसीसी किसी धर्म या वर्ग के खिलाफ नहीं है। इसका उद्देश्य किसी को टारगेट करना नहीं है। सभी को समान अधिकार देना है। 27 जनवरी का दिन समान नागरिकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। धामी ने कहा कि यूसीसी लागू होने से हलाला, बहुविवाह, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लगेगी। इस दौरान धामी ने समान नागरिक संहिता उत्तराखंड- 2024 को लागू किए जाने पर नियमावली और पोर्टल का लोकार्पण किया। यह पोर्टल आम जनता के लिए खोल दिया गया है। उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू होने से समाज में एकरूपता आएगी। राज्य में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार होंगे और दायित्व भी सुनिश्चित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड स्वतंत्र भारत का पहला राज्य बन चुका है, जहां यह कानून प्रभावी हो गया है। उत्तराखंड के डीजीपी दीपम सेठ ने कहा कि हम नए कानून यूसीसी को लागू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हमने पहले ही तैयारी कर ली थी। यूसीसी के लिए ट्रेनिंग सेंटर में वर्कशॉप, सेमिनार भी करवाए गए थे। लोग इससे जुड़े पहलू और पॉजिटिव फीचर्स को समझें और अपने रजिस्ट्रेशन करवाएं। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि यह हमारे लिए ऐतिहासिक दिन है। यूसीसी को धीरे-धीरे अन्य राज्य भी अपनाएंगे। देश की संसद में भी इसका विधेयक जल्द पारित होगा। यूसीसी लागू होने के रूप में जो यह गंगा निकली है, यह सभी को एक करने का काम करेगी। कुछ कम्युनिटी इससे नाराज है, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है।

## कोलकाता रेप, पीड़ित के पेरेंट्स दोषी को फांसी नहीं चाहते

बोले- बेटी की जान गई, संजय की नहीं जाना चाहिए, पहले उम्रकैद की सजा से संतुष्ट नहीं थे

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता रेप-मर्डर केस में पीड़ित मेडिकल स्टूडेंट के माता-पिता दोषी संजय रॉय को अब फांसी की सजा देने के खिलाफ हैं। पीड़ित के माता-पिता की वकील गार्गी गोस्वामी ने सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट को बताया कि उनका कहना है कि हमारी बेटी की जान गई, इसका यह मतलब नहीं कि संजय की जान भी जाए। सियालदह कोर्ट ने संजय रॉय को 20 जनवरी को उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनाई थी। उसी दिन माता-पिता ने भी कहा था कि वे दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के सेशन कोर्ट के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। सेशन कोर्ट से फैसले की कॉपी मिलने के बाद हम हाईकोर्ट जाएंगे। उधर, कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को सीबीआई और बंगाल सरकार की ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। दोनों ने दोषी संजय को फांसी की सजा की देने की अपील की है।



हाईकोर्ट में जस्टिस देबांगशु बसक और जस्टिस मो. शब्बार राशिदी की बेंच के सामने सीबीआई के वकील ने बंगाल सरकार के याचिका दाखिल करने के अधिकार का विरोध किया। सीबीआई के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल राजदीप मजूमदार ने कहा कि बंगाल सरकार के पास याचिका दाखिल करने का अधिकार नहीं है।

## दिल्ली एक बार फिर झाड़ू को ही चुनेगी : केजरीवाल



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को पार्टी का घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि यह दिल्ली की जनता को केजरीवाल की गारंटी है और पूरा भरोसा है कि दिल्ली की जनता एक बार फिर से झाड़ू को ही चुनेगी। श्री केजरीवाल ने घोषणा पत्र जारी करते हु कहा कि युवाओं को रोजगार, महिला सम्मान, संजीवनी और पुजारी-ग्रंथी योजना, पानी के गलत बिल माफ, डॉ. अंबेडकर स्कॉलरशिप, छात्रों की फ्री बस यात्रा और मेट्रो के किराए में 50 फीसद की रियायत समेत 15 गारंटी हम अगले पांच साल में पूरा करेंगे। इसके साथ ही, पहले से मिल रही मुफ्त बिजली, पानी, शिक्षा, इलाज, महिलाओं की बस यात्रा, बुजुर्गों की तीर्थयात्रा जारी रहेगी। ''आप'' की सरकार में हर परिवार को 25 हजार रुपए महीना फायदा हो रहा है। अगर कमल का बटन दब गया तो इतना अतिरिक्त बोझ बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हम लोग दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 'केजरीवाल की गारंटी' जारी कर रहे हैं। केजरीवाल की गारंटी का मतलब पक्की बात है। इसमें कच्ची बात कुछ भी नहीं होती है। जिस तरह ये लोग कभी संकल्प पत्र कहते हैं तो कभी कुछ कहते हैं। सबको पता है कि इनके संकल्प पत्र फर्जी होते हैं। जब लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 15-15 लाख रुपए दूंगा। इसके एक-डेढ़ साल बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि वह चुनावी जुमला था। श्री केजरीवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस या दूसरी पार्टियां चुनाव में जो भी घोषणाएं करती है, वह चुनावी जुमले होते हैं। सभी अलग-अलग नाम से घोषणाएं करती हैं। हम लोगों ने गारंटी शब्द इस्तेमाल करना चालू किया तो अब इन लोगों ने भी गारंटी शब्द इस्तेमाल करना चालू कर दिया है। इन्होंने गारंटी शब्द को भी अब बर्बाद कर दिया है। यह केजरीवाल की गारंटी है, मोदी की गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में सबसे कम बेरोजगारी है। राष्ट्रीय स्तर पर लगभग छह फीसदी बेरोजगारी है लेकिन दिल्ली में करीब दो फीसदी बेरोजगारी है।

## समान नागरिक संहिता लागू करने का समय आ गया है: धनखड़



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के लागू होने को शुभ संकेत करार देते हुए सोमवार को कहा कि पूरा देश के लिए समान नागरिक संहिता को अपनाने का समय आ गया है। श्री धनखड़ ने उपराष्ट्रपति भवन में 'राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम' के प्रतिभागियों के पांचवें बैच को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ है कि उत्तराखंड राज्य ने समान नागरिक संहिता को हकीकत बना दिया है। उन्होंने कहा , आज, एक बहुत ही शुभ संकेत हुआ है। और वह शुभ संकेत है, जो संविधान के निर्माताओं ने संविधान में, विशेष रूप से भाग - चार में राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में कल्पना की थी और निर्देशित किया था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने इन निर्देशक सिद्धांतों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने का निर्देश दिया था। उनमें से कुछ को साकार किया गया है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 44 यह अनिवार्य और आदेश देता है कि पूरे भारत के क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास किया जाएगा। भारतीय संविधान को अपनाने के बाद से सदी की आखिरी तिमाही की शुरुआत हो गई है। देवभूमि उत्तराखंड ने समान नागरिक संहिता को वास्तविकता बना दिया है।

## संविधान हिंदुस्तान की हजारों साल पुरानी सोच का दस्तावेज: राहुल गांधी



**महू, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर कड़ा हमला करते हुए सोमवार को कहा कि इनकी विचारधारा संविधान विरोधी है और वे इसे खत्म करना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस संविधान की रक्षा की लड़ाई लड़ती रहेगी। श्री गांधी ने मध्य प्रदेश के महू में सोमवार को जै बापू, जै भीम जै संविधान रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदुस्तान में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। एक तरफ कांग्रेस है जो संविधान को मानती है और इसके लिए लड़ रही है। दूसरी तरफ भाजपा आरएसएस है जो संविधान के खिलाफ हैं, इसे कमजोर करते हैं और खत्म करना चाहते हैं। संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है, इसमें हिंदुस्तान की हजारों साल पुरानी सोच है। इसमें अंबेडकर जी, महात्मा गांधी जी, भगवान बुद्ध, फुले जी जैसे महापुरुषों की आवाज है।

आरएसएस पर संविधान पर सीधा हमला करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- हिंदुस्तान को 15 अगस्त, 1947 को आजादी नहीं मिली, वो झूठी आजादी थी। ये सीधा संविधान पर आक्रमण है। भाजप ने लोकसभा से पहले भी संविधान को खत्म करने की बात कही थी, इन्होंने कहा था कि अगर 400 सीटें आ गईं तो संविधान बदल देंगे। लेकिन उनके सामने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेता व कार्यकर्ता खड़े हुए। नतीजा ये हुआ कि लोक सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संविधान के आगे माथा टेकना पड़ा। याद रखिए जिस दिन संविधान खत्म हो गया, उस दिन देश के गरीबों के लिए कुछ नहीं बचेगा।

## मोदी ने 'प्रिय मित्र' ट्रम्प से फोन पर की बातचीत

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बातचीत की और दोनों शीर्ष नेताओं ने दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी और भरोसेमंद साझेदारी के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। श्री मोदी ने श्री ट्रम्प को ऐतिहासिक रूप से दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति पद संभालने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में इस बातचीत की जानकारी देते हुए कहा, मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बात करके बहुत खुशी हुई। हम पारस्परिक रूप से लाभकारी और भरोसेमंद साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने लोगों के कल्याण और वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे। श्री ट्रम्प ने अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति पद के अपने तीसरे चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद 20 जनवरी को दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।

शिमला गुड़िया हत्याकांड

## हिमाचल के आईजी जैदी सहित आठ पुलिस जवानों को उम्रकैद, एक-एक लाख जुर्माना



**चंडीगढ़, एजेंसी।** 2017 में शिमला जिले के कोटखाई में हुए गुड़िया दुष्कर्म व हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी सूरज की लॉकअप में हत्या के मामले में सभी दोषियों को उम्रकैद की सजा हुई है। सीबीआई कोर्ट ने दोषियों से उनकी आखिरी अपील सुनी। मामले में दोषी आईजी आईपीएस जहूर हैदर जैदी व डीएसपी समेत आठ पुलिस जवानों को तीन अलग-अलग धाराओं के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। वहीं सभी दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। बीती 18 जनवरी को सीबीआई कोर्ट ने गवाहों के बयान व सबूतों के आधार पर दोषी करार देने के बाद पुलिस ने जैदी के अलावा तत्कालीन डीएसपी मनोज जोशी, पुलिस सब इंस्पेक्टर राजिंद्र सिंह, एएसआई दीप चंद शर्मा, मानक मुख्य आरक्षी मोहन लाल व सूरत सिंह, मुख्य आरक्षी रफी मोहम्मद और कांस्टेबल रनीत सतेता को गिरफ्तार कर लिया था जो के अभी बुड़ैल जेल बंद है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को आईपीसी एक्ट 120-बी में उम्रकैद व 20 हजार जुर्माना, को 120-बी, 195 में उम्रकैद व 20 हजार जुर्माना, 196 में 3 साल व 10 हजार जुर्माना, 218 में एक साल व 10 हजार जुर्माना और 201 में 1 साल और 5 हजार रुपये जुर्मानें की सजा सुनाई है।

## अयोध्या में 20 लाख रामभक्त, भीड़ में फंसकर 2 मौत

अफसरों के छूटे पसीने, बाराबंकी में लोग रोके जा रहे, 15 लाख श्रद्धालु काशी पहुंचे



**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। सोमवार को करीब 20 लाख श्रद्धालु हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन करने पहुंचे हैं। राम मंदिर के आसपास की हर गली, चौराहा राम भक्तों से पट गया है। जिधर देखो लोगों का हुजूम नजर आ रहा है। कल मौनी अमावस्या को देखते हुए ये भीड़ और भी बढ़ सकती है। दोपहर करीब 12 बजे रामलला के दर्शनार्थियों की कतार में एक महिला गिर पड़ी। पुलिस उन्हें अस्पताल ले गई, मगर उनकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस के मुताबिक, महिला की मौत हार्ट अटैक से हुई है। ऐसा भीड़ की वजह से भी हो सकता है। महिला की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी विमला (60) के रूप में हुई। जबकि नया घाट पर भीड़ में एक पुरुष मौत हो गई। उनकी पहचान नहीं हो पाई है। दरअसल, प्रयागराज महाकुंभ से लौटने वाले श्रद्धालु अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में आ रहे हैं। इस कारण हनुमान गढ़ी और राम मंदिर की ओर जाने वाली सभी सड़कों पर भारी भीड़ है। बीते दिन गणतंत्र दिवस की छुट्टी थी, उसमें में काफी लोग अयोध्या आए थे।

## गंगा में डुबकी से गरीबी दूर होगी क्या: खड़गे

**महू, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर होती है। उन्होंने कहा, 'ये लोग जाकर हजारों रुपए खर्च करके कांप्टीशन पर डुबकियां मार रहे हैं।' श्री खड़गे ने मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के महू में जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली को संबोधित किया। बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू में आयोजित इस रैली में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। श्री गांधी ने भी अपने संबोधन में भाजपा नेताओं की नीतियों की आलोचना की। श्री खड़गे ने अपने संबोधन के दौरान प्रयागराज में



आयोजित महाकुंभ में भाजपा नेताओं के डुबकी लगाने के परिप्रेक्ष्य में कहा, अरे भाई गंगा में डुबकी लेने से गरीबी दूर होती क्या। आपको, खाना मिलता पेट को। मैं किसी की आस्था के ऊपर दोष नहीं लगाना चाहता हूं। अगर किसी को दुख हुआ, तो मैं माफी चाहता हूं। लेकिन आप बताइए, अरे जब बच्चा भूखा मर रहा है।

## वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी की मंजूरी

इसमें 14 बदलाव, बोर्ड में 2 गैर-मुस्लिम मेंबर्स का नियम भी, विपक्ष के सारे सुझाव नकारे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वक्फ बिल में बदलावों को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने सोमवार को मंजूरी दे दी। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि इस फाइनल मीटिंग में सभी 44 संशोधनों पर चर्चा की गई। इनमें एनडीए सांसद के 14 सुझावों को मंजूरी दे दी गई है। विपक्षी सदस्यों ने भी कुछ प्रस्ताव रखे, लेकिन वोटिंग के दौरान इन्हें नकार दिया गया। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी बजट सत्र के दौरान अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। वक्फ संपत्तियों को रेगुलराइज करने के



लिए बने वक्फ एक्ट 1995 की मिस-मैनेजमेंट, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण जैसे मुद्दों के लिए आलोचना की जाती रही है। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बैठक के बाद कहा कि समिति द्वारा अपनाए गए संशोधन कानून को बेहतर और अधिक प्रभावी बनाएंगे। हालांकि विपक्षी सांसदों ने बैठक की कार्यवाही की निंदा की और पाल पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नष्ट करने का आरोप लगाया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि बैठकों का यह दौर हास्यास्पद था। हमारी बात नहीं सुनी गई। पाल ने तानाशाही तरीके से काम किया है।

# गुरुद्वारा यहियागंज में श्रद्धापूर्वक मनाया गया बाबा दीप सिंह का आगमन दिवस




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में सिख पंथ के महान योद्धा अनोखे अमर शहीद बाबा दीप सिंह जी के आगमन दिवस पर विशेष समागम का आयोजन किया गया। डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में विशेष रूप से सिंह साहिब ज्ञानी जसविंदर सिंह,श्री दरबार साहिब, अमृतसर, भाई सुरेंद्र सिंह मनी,अमृतसर, भाई गुरिंदरपाल सिंह अमृतसर ने शबद कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल किया। इस विशेष अवसर पर 12:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक दीवान सजाए गए। इस अवसर पर विशेष रूप से बाबा दीप सिंह जी फाउंडेशन के द्वारा कवलजीत सिंह के संयोजन में सिक्खी चित्रकला प्रतियोगिता हुई जिसमें डेढ़ सौ बच्चों ने भाग लिया। डॉक्टर अमरजोत सिंह के संयोजन में जसप्रीत सिंह सलूजा की अगवाई में विशेष मेडिकल कैंप लगाया गया जिसमें लगभग 780 लोगों ने लाभ लिया। दुख निवारण सोसाइटी की तरफ से गगनदीप सिंह के संयोजन में रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। दीवान की समाप्ति पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के ऊपर गुलाब के फूलों से फूलों की वर्षा की गई। इस अवसर पर संगतों द्वारा विशेष प्रकार की फूड स्टॉल्स की सेवा की गई। समस्त कार्यक्रम का संचालन गुलशन जौहर की अगुवाई में हुआ। समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को सिंह साहब ज्ञानी जसविंदर सिंह जी के द्वारा अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में लखनऊ की सभी धार्मिक संस्थाएं एवं गुरुद्वारा साहिब शामिल हुए। कार्यक्रम में गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी सहित अन्य पदाधिकारियों का सहयोग रहा 7

# ड्यूटी से घर लौट रहे युवक को रास्ते में बुरी तरह पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बिजनौर में शनिवार रात चार भाइयों ने मिलकर ड्यूटी से लौट रहे एक युवक की रास्ते में बुरी तरह पिटाई कर दी। पीड़ित ने चारों के खिलाफ बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर के रसूलपुर इटुरिया निवासी अवधेश कुमार पाल के मुताबिक वह शनिवार रात करीब 8:15 बजे ड्यूटी से वापस अपने घर लौट रहा था। तभी गांव के पास रास्ते में नाले की पुलिया के पास गांव के ही मंसाराम के बेटे विसंभर कुमार वर्मा ,कमलेश कुमार वर्मा, अनूप कुमार वर्मा व नरेश कुमार वर्मा ने बिना कुछ कहे उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि इस दौरान चारों ने मिलकर लाठी डंडों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। इस बीच उधर से गुजर रहे राहगीरों ने किसी तरह अवधेश को बचाया। पीड़ित अवधेश का कहना है कि आरोपी गाली देने के साथ ही धमकी दे रहे थे कि अगर अपने परिजनों को इस बारे में बताया या पुलिस में कहीं शिकायत की तो वह उसके घर वालों को भी जान से मार देंगे। इतना ही नहीं पीड़ित का कहना है कि आरोपी कह रहे थे कि एक बार जैसे तुम्हारे भाई को मारा था वैसे ही तुमको जान से मार डालेंगे और तुम्हारे घर वालों को जिंदा जला देंगे। फिलहाल पीड़ित उनकी धमकी से काफी डरा गया। बाद में उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। बिजनौर पुलिस ने देर रात रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# श्रम विमुक्त धावा दल ने झरिया के होटल से तीन बच्चों को कराया मुक्त

● बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के लिए टोल फ्री नंबर 1098 पर करें सूचित

● दोषी को 6 माह से लेकर 2 वर्ष तक की सजा या 20000 से 50000 तक हो सकता है जुर्माना



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा द्वारा गठित बाल श्रम विमुक्त धावा दल ने सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार के नेतृत्व में आज झरिया के कतरास मोड़ में धावा बोला। इस क्रम में विवेक कुमार, पिता विश्वनाथ यादव के यादव होटल से तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि विमुक्त किए गए सभी बच्चे 14 वर्ष से कम आयु के थे। उन्होंने बताया कि 14 वर्ष से कम उम्र के बाल श्रमिक से काम कराने वाले दोषी व्यक्ति को 6 माह से लेकर 2 वर्ष तक की सजा या ?20000 से ?50000 तक का जुर्माना या दोनों हो सकता है। साथ ही बताया कि यदि कहीं पर बाल श्रमिक नियोजित पाए जाते हैं तो उन्हें मुक्त कराने के लिए टोल फ्री नंबर 1098 पर सूचित करें। धावा दल में सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मुन्ना राम, डीसीपीयू मदन मोहन महतो, जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं श्रम विभाग के वरीय सहायक उत्तम मंडल, मन्नू सिन्हा तथा चालक दीनानाथ पांडेय शामिल थे।

# बलहरामऊ में क्रिकेट टूर्नामेंट का शिवम कुशवाहा ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**मुगीसापुर कानपुर देहात।** बरौर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बलहरामऊ सीज़न- 3 के तत्वाधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का युवा समाजसेवी शिवम् कुशवाहा द्वारा फ़ीता काटकर प्रतियोगिता का उदघाटन किया गया युवाओं द्वारा फूल माला पहनाकर गर्मजोशी से मुख्यातिथि का स्वागत किया गांव के संभ्रांत जनों द्वारा आशीर्वाद स्वरूप उदघाटनकर्ता को शाल पहनाकर सम्मानित किया।


शिवम् कुशवाहा ने युवाओं व ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा आज बहुत ही हर्ष का विषय है कि हमारे भाइयों द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है जो मनोरंजन के साथ साथ स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी है आप सभी के द्वारा मिले स्नेह, प्यार, अपनत्व, से अभिभूत महसूस कर रहा हूं इस प्रेम के लिए आप सभी का हृदय की गहराई से आभार व्यक्त करता हूं उदघाटन मैच खिरवां व सबदलपुर के बीच खेला गया जिसमें खिरवां की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 81 रन बनाए लक्ष्य पीछा करने उतरी सब्दलपुर की टीम ने आसानी से 82 रन बनाकर जीत दर्ज कराई इस मौके प्रमुख रूप से रोहित कटियार, संदीप कुशवाहा, अभिषेक कुशवाहा, दीपक कटियार, अनूप कुशवाहा, आर्यन कटियार, मनोज कटियार, सोनू कटियार, गुड्डू कटियार, संतोष कुशवाहा, अंकुश कुशवाहा, ऋषभ यादव, सफीक अहमद, आर्यन कुशवाहा, भगवान सिंह कुशवाहा, रविन्द्र कुशवाहा, वीरेंद्र कटियार, अनुराग कटियार, शिवा, रोहित, तौफ़ीक, अरशद, कौशल कोटेदार, सोमेंद्र कुशवाहा, अमित कटियार, शादाब हुसैन, आनन्द कुशवाहा, विकास कटियार, आदि मौजूद रहे।

# गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बंथरा के दरियापुर निकट डिफेंस एकेडमी, लोनहा रोड निवासी महिला शारदा देवी ने हरदयाल, रामवती, सूरज, कालिका, हरदयाल की बहू और बेटी सुदेवी के अलावा 6 - 7 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ दरवाजे पर बबूल के कांटे लगाने व विरोध करने पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शारदा का कहना है कि 5 जनवरी को वह दोपहर करीब 3:30 बजे लखनऊ से वापस अपने घर पहुंची, तो हरदयाल, उनकी पत्नी रामवती, बेटा सूरज, कालिका, हरदयाल की बहू व बेटी सुदेवी ने उसके दरवाजे पर बबूल के कांटे लगाकर मुख्य द्वार बंद कर दिया था। पूछने पर बताया कि खेत में गेहूं जानवर खा जाते हैं, इसलिए बबूल के कांटे लगाए हैं। जब शारदा ने विरोध किया तो सभी आरोपी वहां से चले गए। लेकिन शारदा का आरोप है कि कुछ देर बाद उक्त आरोपियों के साथ 6 - 7 अन्य लोग वहां पहुंचे और उसका घर घेर लिया। आरोप है कि आरोपियों ने घर उड़ाने की धमकी देने के साथ ही गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही यह भी धमकी दी कि बेटी को आगे कर फर्जी मुकदमा लिखवा कर जेल भिजवा देंगे। इस पर पीड़िता ने 112 नंबर पर सूचना दी। तब सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें डांट डपटकर वहां से हटाया। इसके बाद पीड़िता ने बंथरा थाने में मामले की तहरीर दी। फिलहाल बंथरा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# महिला की सोते समय संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत




**मैथा कानपुर देहात।** तहसील क्षेत्र के नुनारी बहादुरपुर औनहां गांव में एक महिला की शुक्रवार की रात सोते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार की सुबह महिला को मृत अवस्था में जमीन पर पड़ा देख परिजनों के बीच हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंचे कोतवाल ने घटना की जांच करते हुए परिजनों से पूछताछ की। पुलिस की सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए। समाचार लिखे जाने तक मृतका के परिजनों का इंतजार किया जा रहा था। शव को अभी पोस्टमार्टम नहीं भेजा गया है।कोतवाली क्षेत्र के नुनारी बहादुरपुर औनहां गांव निवासी चेत राम दिवाकर के पुत्र विशाल की शादी ग्राम एवं थाना कोने जनपद सोनभद्र के जगदीश दिवाकर की पुत्री खुशबू 22 वर्ष के साथ बीते वर्ष 11 जुलाई को हुई थी जहां खुशबू अपने ससुराल नुनारी बहादुरपुर औनहां में ही थी जिसकी पिछले कई दिनों से कभी ठीक तो कभी बीमारी की स्थिति बनी हुई थी। पति विशाल उसका उपचार भी करवा रहा था। वहीं बीते शुक्रवार की रात सभी लोग खाना खाकर सो गए ।शनिवार की सुबह जब घर के मुखिया चेत राम ने पशुओं को चारा पानी के लिए बेटे को आवाज दी तो देखा कि बहू खुशबू चारपाई के नीचे पड़ी थी फिर बेटे विशाल को जगाया तो बहू मृत अवस्था में पाया और विवाहिता के मायके सूचना दी तो परिजनों के बीच कोहराम मच गया मां संध्या पिता जगदीश भाई लवकुश व शुभम तथा बहन काजल और रुपा का रो रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना पर औनहां चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह कोतवाल हरमीत सिंह मौके पर पहुंच जांच शुरू कर फील्ड यूनिट टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। खबर लिखे जाने तक शव को पोस्टमार्टम नहीं भेजा गया है मृतका के मायके पक्ष के लोगों का इंतजार किया जा रहा है। कोतवाल हरमीत सिंह ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष से लोगों का इंतजार किया जा रहा है अभी कोई किसी प्रकार की तहरीर नहीं मिली है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निकाली गईं जागरूकता रैली




**राजपुर कानपुर देहात।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजपुर के न्यू लाइट एजूकेशन सेंटर के बच्चों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। इस दौरान मतदाताओं को शपथ दिलाई गई।

शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस अवसर पर न्यू लाइट एजूकेशन सेंटर के छात्र छात्राओं ने थाना मार्ग से ब्लॉक कार्यालय मोड तक जागरूकता रैली निकाली। इस दौर छात्र- छात्राओं ने नगर के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। स्कूल के प्रबंधक महादेव सिंह चौहान ने युवकों को शपथ दिलाकर कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रित देश है, जहां मतदाता ही सरकार चुनते हैं। मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है।

# राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा बुंदेलखंड के ललितपुर जिले में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र महापर्व




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश आज नित्य नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा देश के कोने कोने में कार्यक्रमों को मनाए जाने का शुभारंभ कर दिया गया है। जिसका परिणाम है कि संस्थान द्वारा देश की समृद्ध विरासत बुंदेलखंड के सिद्दन कॉलोनी ,ललितपुर जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर समृद्ध भारत- विरासत और विकास विषय पर वक्तव्य एवं काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की महामंत्री डॉ सीमा गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर की सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य श्रीमती सूर्यमुखी स्वर्णकार रही, जिन्होंने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए समृद्ध भारत - विरासत और विकास पर विस्तार से अपना वक्तव्य दी ।ललितपुर के विख्यात डॉक्टर अनिल कुमार कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। डॉ अनिल कुमार द्वारा भारत की आजादी की उपलब्धि और संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए गणतंत्र भारत की विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया और संस्थान द्वारा आयोजित साहित्यिक कार्यक्रमों को राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण बताया गया। कार्यक्रम की संयोजक एवं संचालन श्रीमती निधि सोनी, अध्यापिका, ललितपुर जिला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कविता एवं वक्तव्य पाठ आमंत्रित अतिथियों अनुपम जोशी ,पल्लवी मालवीय, अंशु मिश्रा, मधु तिवारी , कादम्बनी तिवारी, शिखा कौशल, अनीता सोनी, विनय सिन्हा,गौरव मिश्रा, टिंकू तिवारी आदि द्वारा किया गया। श्रीमती निधि सोनी ने राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के साहित्यिक कार्यक्रमों की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताइ कि राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के पदाधिकारी सदस्य आज साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। यह संस्था अपने आप में अत्यंत ही महत्वपूर्ण है विशेष बात यह है कि संस्था आज हर घर में साहित्य को पहुंचाने के उद्देश्य से उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। संस्था की महामंत्री डॉ सीमा गुप्ता द्वारा अपने व्याख्यान में संबोधित किया गया कि हम मां भारती गणतंत्र के नागरिक हैं, हमारा प्रथम दायित्व है राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करना। राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा इस उद्वेश्य से अनेक साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं। संस्थान का साहित्यिक लाभ प्रत्येक स्थान पहुंच सके ,इस उद्देश्य से बुंदेलखंड में आज संस्थान द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यक्रम को आयोजित कराया गया। कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा बुंदेलखंड क्षेत्र में किया गया।

# पेजा कार्यालय पर फहराया गया तिरंगा, राष्ट्रगान के साथ कवि सम्मेलन व मुशायरा सम्पन्न



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्टस एसोसिएशन, लखनऊ के कोणेश्वर चौराहा, चौक स्थित कार्यालय पर पेजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष सुनील त्रिपाठी, कुशवाहा मौर्य शाक्य, सैनी कल्याण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष विमल कुमार शाक्य, स्व. श्रीमती दौलत देवी स्मृति संस्थान लखनऊ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार सिंह जैसवार 卐पण्डित बेअदब लखनवी卐, अखिल भारतीय अनागत संस्थान लखनऊ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ राम राज भारती 卐 फतेहपुरी 卐 सहित जी पी दीक्षित, जी पी बाजपेयी, श्रीमती सुषमा देवी, प्रेम शीला सिंह, मोहतरमा अज़रा खातून, शायर व पत्रकार ज़नाब मो. वहीद चिश्ती, श्रीमती रीना जायसवाल, बी आर सिंह, शिवानी द्विवेदी, मुरारी लाल कुशवाहा, व मास्टर अभिजीत कुशवाहा की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। राष्ट्रगान के पश्चात गिरीश कुशवाहा द्वारा सभी का माल्यार्पण कर सम्मान पत्र देकर सम्मान किया गया। चर्चा परिचर्चा के साथ कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसका कुशल संचालन डॉ राम राज भारती द्वारा किया गया। सभी ने अपनी अपनी गज़ल व रचनाओं से वाहवाही लूटी।

# मदरसा निजामियां पब्लिक हाई स्कूल में मतदाताओं को जागरुक करने के लिए निकाली गईं रैली



**सिकन्दरा, कानपुर देहात।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एम एन पी हाई स्कूल सिकंदरा के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ उप जिलाधिकारी शालिनी उत्तम, तहसीलदार सुभाष चंद्र यादव एवं डायरेक्टर मोहम्मद मारूफ के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्रों ने तहसील की सभागार में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर वोट बनवाए एवं उसका उपयोग करने के लिए जागरूक किया। उपजिलाधिकारी ने वरिष्ठ मतदाताओं एवं बीएलओ को सम्मानित किया। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर वर्ष मनाया जाता है उसी के उपलक्ष में तहसील सिकंदरा के द्वारा एमएनपी हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार ने हरी झंडी दिखाकर स्कूल से रैली को रवाना किया रैली में छात्र-छात्राओं ने हाथ में लिए तख्तियों में लिखा उम्र हो 18 वोट हो तुम्हारा, 1 जनवरी 2025 को उम्र अठारह वोटर लिस्ट में वोट हो तुम्हारा , बीएलओ से मिलने जाएं अपना वोट बनवाएं, नाम ,जन्मतिथि, पता संशोधन करने के लिए फॉर्म आठ भरे रैली में बुलंद आवाज के साथ मोहल्ला मालवीय नगर , गांधीनगर, मोहम्मद नगर , पटेल चौक के रास्ते सुभाष नगर , शास्त्री नगर, राजेंद्र नगर, जवाहर नगर होते हुए तहसील प्रांगण में पहुंची। सभागार में छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया जिसकी सराहना उपजिलाधिकारी शालिनी उत्तम ने की वरिष्ठ मतदाताओं, प्रथम बार वोटर लिस्ट में सम्मिलित मतदाताओं एवं बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उप जिलाधिकारी ने सभी को शपथ दिलाई संचालन एमएनपी हाई स्कूल के डायरेक्टर मोहम्मद मारूफ ने किया। इस मौके पर लेखपाल अजीत कुमार, बीआरसी अनुज कुमार द्विवेदी , अनवार अहमद , शैलेंद्र कुमार विद्यालय के शिक्षक विमलेश कुमार, नरसिंह कुशवाहा शिवांश चौहान शिक्षिका अलशिफा सना आदि लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बंथरा इलाके में सोमवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना शाम करीब 5 बजे की है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक उधर से गुजर रहे लोगों ने बीच रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा देख इसकी सूचना हरौनी रेलवे स्टेशन पर दी। इसके बाद रेलवे कर्मचारियों ने हरौनी चौकी पुलिस को मामले से अवगत कराया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो लखनऊ कानपुर रेल खंड स्थित हरौनी रेलवे स्टेशन से करीब 500 मीटर दूर लखनऊ से कानपुर जाने वाली पटरी पर एक बुजुर्ग का शव क्षत विक्षत पड़ा मिला। छानबीन में उसकी जेब में एक पर्ची मिली। जिस पर लिखे मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस ने जब संपर्क किया तो वह नंबर उसकी पत्नी कलावती का निकला। जिसके आधार पर मृतक की पहचान मूल रूप से उन्नाव जिले के मोहान में रहने वाले गोदी लाल (70) के रूप में हुई। मृतक वर्तमान समय राजाजीपुरम में अपनी पत्नी के साथ किराए पर रहता था। पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल में पता चला है कि मृतक सोमवार को मोहान स्थित अपने घर जा रहा था। लेकिन वह ट्रेन की पटरी पर कैसे पहुंचा। इसकी जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने मृतक के परिवार वालों को सूचना दे दी है। पुलिस का कहना है कि उनके आने पर ही आगे की जानकारी मिल सकेगी। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी कलावती के अलावा दो बेटे जितेंद्र व ज्ञानेंद्र और चार बेटी लक्ष्मी, कंचन, सीमा व नंदिनी है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस का हुआ आयोजन

➢ मतदान के लिए जागरूक करते हुए दिलाई गई शपथ



**मैथा कानपुर देहात।** शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में लायर्स एसोशिएसन अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह व महामंत्री कुलदीप तिवारी की अगुवाई में मतदाता जागरूकता शपथग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील दार सुनील कुमार व नायब तहसीलदार अनुरुद्ध कुमार व बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं, वादकारियों, तहसील कर्मियों व ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। तहसीलदार ने सभी को मतदाता शपथ दिलाई।अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि स्वस्थ्य लोकतंत्र निर्माण के लिए भयमुक्त होकर मतदान करें। उन्होंने मौजूद लोगों को बताया कि लोकतांत्रिक ?प्रणाली के तहत देश के प्रत्येक व्यस्क नागरिक को वोट देने का अधिकार है। संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों में यह सबसे बड़ा अधिकार है। मतदान के माध्यम से एक अकेला व्यक्ति सरकार बनाने और गिराने की ताकत रखता है। देश के प्रत्येक नागरिक को देश के विकास की सोच के साथ हमेशा निष्पक्ष सोच के साथ मतदान अवश्य करना चाहिए व अन्य लोगों को भी निष्पक्ष होकर मतदान करने की सलाह देनी चाहिए। महामंत्री कुलदीप तिवारी ने कहा कि मतदान एकमात्र ऐसा साधन है जिससे देश की जनता स्वयं अपने देश का विकास निर्धारित कर सकती है। मताधिकार के प्रयोग से वह अपने देश की बागडोर संभालने के लिए अपनी नज़र में योग्य व्यक्ति को खुद चुन सकते हैं। तहसीलदार व नायब तहसीलदार ने भी लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पहले मतदान फिर जलपान, समझदार की पहचान वोट का निशान आदि नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर अधिवक्ता रविकांत कमल,देवेंद्र त्रिपाठी, पी सी वर्मा , जयराम कमल, जितेंद्र यादव, प्रमोद कश्यप, अमित प्रताप सिंह शिववीर, महेन्द्र, सतीश पाल, जितेन्द्र गौतम, पंकज राजपूत, रणविजय, रामप्रताप सिंह चौहान, अंकित चंदेल, जीतू (राघुवेन्द्र), जनार्दन सिंह यादव, राजू, पुनीत मिश्रा, लोकेश,जितेन्द्र सक्सेना, अभिषेक, सलमान, मुकेश कुमार , रामनरेश, तेज बहादुर, अंकित शुक्ला, वृजेन्द्र राजपूत, अभिनव तिवारी, बालीशंकर आदि मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक तीसरा विकल्प न्यूज़ | लखनऊ से प्रकाशित | मंगलवार, 28 जनवरी, 2025



# श्रेया चौधरी

## मनीषा कोइराला से बहुत कुछ सीखा, मां-बाप ने सिखाया प्यार के लिए दुनिया से लड़ना



### इम्तियाज अली सर की हीरोइन बनना चाहती हूं

बहुत कम लोग जानते हैं कि श्रेया इम्तियाज अली निर्देशित शॉर्ट फिल्म,शद अदर वेश् में काम कर चुकी हैं। वे कहती हैं, श् इम्तियाज अली सर ही थे, जिन्होंने मुझे यकीन दिलाया कि मैं अभिनेत्री बन सकती हूं और सही राह पर हूं। मैंने उनसे अभिनय की बारीकियां सीखी और मेरी दिली इच्छा है कि इम्तियाज सर की फिल्मों की हीरोइन बनूं। मैं कोलकाता से हूं और हमेशा से अभिनेत्री बनना चाहती थी, मगर मेरा यकीन पुख्ता करने में इम्तियाज सर का बहुत बड़ा हाथ रहा। जल्द ही मैं बोमन इरानी निर्देशित मेहता बॉयज में नजर आऊंगी। मेरा रोल काफी दिलचस्प है। मैं फिल्म को लेकर काफी उत्सुक हूं।श

### मेरी मां ने दिए प्यार को लेकर टिप्स

ब्यूटी पेजेंट्स में कई टाइटल जीत चुकी श्रेया अपनी हालिया सीरीज बंदिश बैंडिट्स में सिंगर तमन्ना का किरदार निभा रही हैं, जो अपनी संगीत की विरासत के बावजूद एक जुनूनी प्यार में पड़ जाती हैं। उनसे जब पूछा जाता है कि वे किस तरह के प्यार में यकीन करती हैं? क्योंकि आज प्यार ने बहुत मॉडर्न रूप ले लिया है, तो वे कहती हैं, शमेरे सामने प्यार का सबसे खूबसूरत रूप मेरे माता-पिता हैं, जो अलग कास्ट से आते हैं। जब उन्होंने प्यार किया, तो उनकी शादी के लिए उनके परिवार कत्तई राजी नहीं थे, मगर वे अपने प्यार पर अडिग रहे और वे आज भी साथ हैं। मेरी मां ने मुझे और मेरे भाई को प्यार को लेकर एक सलाह दी कि कभी भी किसी से प्यार करना, तो इतना करना कि उसके लिए पूरी दुनिया से लड़ सको। मेरे पैरेंट्स के कारण प्यार को लेकर मेरी सोच जुनूनी और ओल्ड स्कूल है। मैं उसी तरह का प्यार करती हूं, मगर हां, आज की तारीख में मैं प्यार के बजाय अपने करियर पर ध्यान देना चाहती हूं। मैं एक ओल्ड स्कूल लवर हूं।

बंदिश बैंडिट्स के सीजन 2श् से चर्चा में आई एक्ट्रेस श्रेया चौधरी ने इससे पहले भी कई शोज और वेब सीरीज में काम किया है। उनके रोल्स काफी दमदार रहे हैं और वो अभी एक्टिंग में नए मुकाम की तलाश में हैं। श्रेया ने अपने आइडल्स से लेकर मम्मी-पापा के बारे में भी नवभारत टाइम्स के साथ बात की। मनीषा कोइराला से बहुत कुछ सीखा, मां-बाप ने सिखाया प्यार के लिए दुनिया से लड़ना श्वे सेट पर ऐसे आते हैं, जैसे पहली बार अभिनय करने आए होंश श्प्यार का सबसे खूबसूरत रूप मेरे माता-पिता हैं, जो अलग कास्ट से आते हैंश ओटीटी ने कई नए कलाकारों को न केवल अभिनय की जमीन दी, मगर साथ ही नई-नई भूमिकाओं में एक्सपेरिमेंट करने का हौसला भी। ऐसे ही कलाकारों में एक अभिनेत्री हैं श्रेया चौधरी, जो इन दिनों वेब सीरीज शबंदिश बैंडिट्स के सीजन 2श् से चर्चा में हैं। अपनी इस सीरीज में उन्हें नसीरुद्दीन शाह और दिव्या दत्ता जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला है, मगर वे इससे पहले मनीषा कोइराला के साथ डियर माया में काम कर चुकी हैं। उनका कहना है कि मनीषा कोइराला से उन्होंने बहुत कुछ सीखा। वे कहती हैं, शमैं उस वक्त काफी नई थी। 2017 की बात है। मैं जब पहले दिन सेट पर पहुंची, तो बहुत नर्वस थी। मैंने देख कि मेरे सामने एक ऐसी अभिनेत्री खड़ी हैं, जिन्होंने अपने जीवन में सब कुछ अचीव कर लिया है। कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, मगर सेट पर उनकी विनम्रता देखते बनती थी। वे मुझसे इतने प्यार से मिलीं कि मैं तो एकदम अभिभूत हो गई। वे रोजाना सेट पर अपनी पूरी रिहर्सल करतीं। उन्होंने कभी ये नहीं जताया कि वे बड़ी अभिनेत्री हैं। अपनी इस सीरीज में मैं नसीर सर, दिव्या और शीबा मैम (दिव्या दत्ता और शीबा) के साथ काम कर चुकी हूं। जितने भी बड़े आर्टिस्ट हैं, उनमें एक बात मैंने जरूर देखी है कि वे सेट पर ऐसे आते हैं, जैसे पहली बार अभिनय करने आए हों। इन सभी कलाकारों में मैंने बच्चों-सी उत्सुकता देखी। वही जिज्ञासा, जो पहली बार होती है। मुझे लगता है कि यही बातें इन्हें बड़ा कलाकार बनाती हैं।श इम्तियाज अली सर की हीरोइन बनना चाहती हूं बहुत कम लोग जानते हैं कि श्रेया इम्तियाज अली निर्देशित शॉर्ट फिल्म,शद अदर वेश् में काम कर चुकी हैं। वे कहती हैं, श् इम्तियाज अली सर ही थे, जिन्होंने मुझे यकीन दिलाया कि मैं अभिनेत्री बन सकती हूं और सही राह पर हूं। मैंने उनसे अभिनय की बारीकियां सीखी और मेरी दिली इच्छा है कि इम्तियाज सर की फिल्मों की हीरोइन बनूं। मैं कोलकाता से हूं और हमेशा से अभिनेत्री बनना चाहती थी, मगर मेरा यकीन पुख्ता करने में इम्तियाज सर का बहुत बड़ा हाथ रहा। जल्द ही मैं बोमन इरानी निर्देशित मेहता बॉयज में नजर आऊंगी। मेरा रोल काफी दिलचस्प है। मैं फिल्म को लेकर काफी उत्सुक हूं।श मेरी मां ने दिए प्यार को लेकर टिप्स ब्यूटी पेजेंट्स में कई टाइटल जीत चुकी श्रेया अपनी हालिया सीरीज बंदिश बैंडिट्स में सिंगर तमन्ना का किरदार निभा रही हैं, जो अपनी संगीत की विरासत के बावजूद एक जुनूनी प्यार में पड़ जाती हैं। उनसे जब पूछा जाता है कि वे किस तरह के प्यार में यकीन करती हैं? क्योंकि आज प्यार ने बहुत मॉडर्न रूप ले लिया है, तो वे कहती हैं, शमेरे सामने प्यार का सबसे खूबसूरत रूप मेरे माता-पिता हैं, जो अलग कास्ट से आते हैं। जब उन्होंने प्यार किया, तो उनकी शादी के लिए उनके परिवार कत्तई राजी नहीं थे, मगर वे अपने प्यार पर अडिग रहे और वे आज भी साथ हैं। मेरी मां ने मुझे और मेरे भाई को प्यार को लेकर एक सलाह दी कि कभी भी किसी से प्यार करना, तो इतना करना कि उसके लिए पूरी दुनिया से लड़ सको। मेरे पैरेंट्स के कारण प्यार को लेकर मेरी सोच जुनूनी और ओल्ड स्कूल है। मैं उसी तरह का प्यार करती हूं, मगर हां, आज की तारीख में मैं प्यार के बजाय अपने करियर पर ध्यान देना चाहती हूं। मैं एक ओल्ड स्कूल लवर हूं।




## फिल्म कनप्पा से अक्षय कुमार का फर्स्ट लुक जारी

साल 225 की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक कनप्पा से अक्षय कुमार का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है। इस माइथोलॉजिकल फिल्म में अक्षय कुमार भगवान शिव के रूप में नजर आने वाले हैं। वहीं काजल अग्रवाल पार्वती के रोल में नजर आएंगी। हाल ही में अक्षय कुमार ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है।

एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए अक्षय कुमार ने पोस्टर शेयर कर लिखा है, फिल्म कनप्पा के लिए महादेव की पवित्र आभा में कदम रख रहा हूं। जिंदगी की इस एपिक कहानी को लाने में गर्व महसूस कर रहा हूं। भगवान शिव इस दिव्य सफर में हमारा मार्गदर्शन करें। ओम नमः शिवाय। अक्षय से पहले फिल्म कनप्पा से काजल अग्रवाल का लुक भी जारी किया जा चुका है। साल 225 की शुरुआत में सामने आए पोस्टर में काजल अग्रवाल पार्वती के रोल में दिखी थीं। काजल अग्रवाल से पहले ये रोल नुपूर सेनन को ऑफर किया गया था, हालांकि उन्होंने शेड्यूल कॉन्फ्लिक्ट के चलते फिल्म रिजेक्ट कर दी थी। इसके बाद नयनतारा को पार्वती का रोल दिया जाने वाला था। आखिरकार काजल अग्रवाल को इस रोल में कास्ट किया गया। इस फिल्म में प्रभास नंदी का रोल प्ले करने वाले हैं। हालांकि रिपोर्ट्स की मानें तो वो फिल्म में कैमियो करेंगे।

फिलहाल उनका लुक सामने नहीं आया है। इनके अलावा फिल्म में मोहन बाबू, विष्णु मंचू, मधू अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं। फिल्म का स्क्रीनप्ले भी एक्टर विष्णु मंचू ने तैयार किया है। 25 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म कनप्पा तेलुगु भाषा में बनी फिल्म कनप्पा को मुकेश कुमार सिंह डायरेक्ट करने वाले हैं। इस फिल्म को 25 अप्रैल को रिलीज किया जाने वाला है। ओएमजी 2 में भगवान शिव का रोल निभाकर विवादों से घिरे थे अक्षय कुमार फिल्म कनप्पा से पहले अक्षय कुमार ने साल 223 की फिल्म ओह माय गॉड 2 में भगवान शिव का किरदार निभाया था। फिल्म का ट्रेलर जारी होने के बाद अक्षय कुमार के रोल की जमकर आलोचना हुई थी। महाकाल मंदिर के पुजारियों ने फिल्म के मेकर्स को भगवान शिव का रूप गलत तरह दिखाने पर लीगल नोटिस तक भेज दिया था।

## 51 की उम्र में ब्लैक साड़ी पहन नागिन सी बलखाती दिखीं मलाइका अरोड़ा





तस्वीरों ने हाई किया इंटरनेट का पारा मलाइका अरोड़ा एक बार फिर अपने ग्लैमरस अवतार को लेकर चर्चा में हैं. दरअसल एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की फोटोज फैंस के साथ शेयर की हैं. मलाइका अरोड़ा एक बार फिर अपने ग्लैमरस अवतार को लेकर चर्चा में हैं. दरअसल एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की फोटोज फैंस के साथ शेयर की हैं. मलाइका अरोड़ा इन दिनों एक डांस रिएलिटी शो को जज कर रही थी. जहां हाल ही में उनकी बेहद ग्लैमरस और खूबसूरत अवतार देखने को मिला. इस लुक की कुछ फोटोज अब एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की हैं. जो तेजी से वायरल हो रही हैं. मलाइका अरोड़ा इस लेटेस्ट फोटोशूट में ब्लैक कलर की साड़ी पहने हुए नजर आ रही हैं. जो उनपर काफी जच रही है. मलाइका इन तस्वीरों में कैमरा के लिए एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं. जिसमें उनकी अदाओं ने फैंस को घायल कर दिया.मलाइका ने ये साड़ी एक व्हाइट क्रॉप टॉप के साथ पेयर की है. एक्ट्रेस ने इसके साथ गले में एक हैवी नेकलेस भी पहना है. मलाइका के खुले कर्ली बाल और बोल्ज आई मेकअप उनके लुक में चार चांद लगा रहे हैं. एक्ट्रेस की तस्वीरें अपलोड होते ही वायरल होने लगी है. बता दें कि मलाइका अरोड़ा पिछले कई दिनों से अपने पिता की मौत और एक्टर अर्जुन कपूर संग ब्रेकअप को लेकर चर्चा में थी. मलाइका ने कई साल की डेटिंग के बाद अर्जुन कपूर से रिश्ता तोड़ लिया. दोनों के ब्रेकअप ने फैंस को काफी निराश भी किया था. मलाइका अरोड़ा की इंस्टाग्राम पर काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग है. यहां उन्हें 19 मिलियन लोग फॉलो करते हैं.

# 37 साल के हुए चेतेश्वर पुजारा, जानें पर्सनल लाइफऔर नेटवर्थ



टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा 25 जनवरी को अपना 37वां जन्मदिन मना रहे हैं। टीम इंडिया की नई दीवार कहे जाने वाले पुजारा लंबे समय से टीम से बाहर हैं। पुजारा भारत की टेस्ट टीम का अहम हिस्सा हुआ करते थे, भारत ने ऑस्ट्रेलिया को दो बार उसके घर में टेस्ट सीरीज में माद दी जिसमें पुजारा का रोल अहम रहा। राजकोट में 25 जनवरी 1988 को जन्में चेतेश्वर पुजारा ने कम उम्र में क्रिकेट में सुर्खियां बटोरनी शुरू कर दी थीं। 22 साल की उम्र में पुजारा ने इंटरनेशनल डेब्यू किया था और भारत के लिए अपना पहली मैच खेला था। पुजारा फिर रुके नहीं और लगातार रन करते रहे जिसके चलते उन्हें राहुल द्रविड़ का उत्तराधिकारी माना गया और उन्होंने ये काम बहुत अच्छे से किया भी। चेतेश्वर पुजारा नेटवर्क चेतेश्वर पुजारा अब टीम इंडिया का हिस्सा नहीं हैं और न ही वह आईपीएल में खेलते हैं। ऐसे में उनकी कमाई पर प्रभाव पड़ा होगा। हालांकि, वह घरेलू क्रिकेट में अक्सर खेलते हुए दिखते हैं। हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान वह बतौर ब्रॉडकास्टर काम करते हुए भी दिखे। एक अनुमान के अनुसार पुजारा की कुल नेटवर्थ 25 करोड़ रुपये है। पुजारा विज्ञापनों में भी नजर आते हैं जिससे उनकी कमाई होती है। पुजारा का राजकोट में एक आलीशान घर है। उनके पास कुछ लग्जरी कारें हैं। पुजारा के पास ऑडी और फोर्ड जैसी कारें हैं। हालांकि, पुजारा ने टीम इंडिया में वापसी की उम्मीद नहीं छोड़ी है। वह अभी भी घरेलू क्रिकेट के जरिए टेस्ट टीम में वापसी का इंतजार कर रहे हैं। उनका लक्ष्य इंग्लैंड के खिलाफहोने वाली टेस्ट सीरीज में वापसी करना है। पुजारा उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने भारत के लिए 100 से ज्यादा टेस्ट मैच खेले हैं। पुजारा ने भारत के लिए कुल 103 टेस्ट मैच खेले हैं और इनमें 43.60 की औसत से 7195 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 19 शतक और 35 अर्धशतक निकले हैं। पुजारा ने भारत के लिए पांच वनेड मैच भी खेले जिनमें सिर्फ51 रन ही बना सके। वह भारत के लिए टी20 नहीं खेल सके।

# जसप्रीत बुमराह बने 2024 के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर, सम्मान पाने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज




**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 2024 का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर चुना गया है। बुमराह यह कीर्तिमान दर्ज करने वाले छठे भारतीय हैं। भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 2024 का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर चुना गया है। इस पुरस्कार के लिए भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट, इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक और श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस भी नामित थे लेकिन बुमराह ने इन सभी को पछाड़कर पुरस्कार जीता।

2024 में बुमराह ने किया प्रभावित

बुमराह ने हाल ही में टेस्ट में 200 विकेट पूरे किए थे। बुमराह 2024 में टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 13 मैच में 14.92 की औसत और 30.16 के स्ट्राइक रेट से 71 विकेट चटकाए, जो पारंपरिक प्रारूप में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। आईसीसी ने पर्थ में बुमराह के मैच का रुख बदलने वाले स्पैल को उनके सबसे यादगार प्रदर्शन में से एक माना था जिसकी बदौलत भारत ने 295 रन से जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

पिछले कैलेंडर वर्ष में बुमराह ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 71 विकेट चटकाए और इस प्रारूप में सबसे सफल गेंदबाज रहे। चाहे दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियां हों या स्वदेश में तेज गेंदबाजों के लिए कठिन परिस्थितियां, बुमराह ने पूरे साल प्रभावशाली प्रदर्शन किया। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इस तेज गेंदबाज ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हुए बुमराह

71 विकेट लेने के बाद बुमराह एक कैलेंडर वर्ष में 70 से अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले चौथे भारतीय गेंदबाज बने। इस तरह वह रविचंद्रन अश्विन, अनिल कुंबले और कपिल देव की लिस्ट में शामिल हो गए।

बुमराह से पहले इन भारतीयों को मिल चुका है यह पुरस्कार

बुमराह से पहले राहुल द्रविड़ (2004), गौतम गंभीर (2009), वीरेंद्र सहवाग (2010), रविचंद्रन अश्विन (2016) और विराट कोहली (2018) भी यह पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। बुमराह हालांकि, भारत के पहले तेज गेंदबाज हैं जिन्हें साल का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी चुना गया है।

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल हुए थे बुमराह

बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट मुकाबले के दौरान पीठ की समस्या से जूझ रहे थे। इस कारण उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भी नहीं चुना गया, जबकि वनडे सीरीज के शुरुआती दो मैचों से भी वह बाहर हैं। इसके अलावा तीसरे वनडे में भी उनका खेलना तय नहीं है। अनुभवी गेंदबाज को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी 15 सदस्यीय टीम में चुना गया है, लेकिन उनका इस टूर्नामेंट में खेलना पूरी तरह फिटनेस पर निर्भर करेगा।

बीसीसीआई ने दी बधाई

जसप्रीत बुमराह के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर बनने पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें बधाई दी है। बोर्ड की तरफ से एक्स पर लिखा गया, %गेम चेंजर जसप्रीत बुमराह को आईसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 से सम्मानित किया गया। बुमराह ने 14.92 की शानदार औसत से 71 विकेट लिए, 2024 में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने।%

# भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना बनीं साल की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर, दूसरी बार जीता पुरस्कार




**दुबई।** मंधाना ने पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था और 13 मैचों में 747 रन बनाए थे। यह एक कैलेंडर वर्ष में उनके द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन थे। मंधाना ने इस दौरान 57.86 के औसत और 95.15 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की थी। भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर चुनी गई हैं।

मंधाना ने पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था और 13 मैचों में 747 रन बनाए थे। यह एक कैलेंडर वर्ष में उनके द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन थे। मंधाना ने इस दौरान 57.86 के औसत और 95.15 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की थी।

मंधाना दूसरी बार बनीं सर्वश्रेष्ठ वनडे खिलाड़ी


मंधाना ने इस दौरान चार वनडे शतक लगाए थे जो महिलाओं में एक रिकॉर्ड है। मंधाना ने 2024 में 95 चौके और छह छक्के जड़े थे और वह आईसीसी महिला चैंपियनशिप में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थीं। यह दूसरी बार है जब मंधाना साला की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई हैं। वह ऐसा करने वाली दुनिया की दूसरी महिला बल्लेबाज हैं। उनसे पहले न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स इस क्लब में शामिल एकमात्र महिला क्रिकेटर थीं।

मंधाना के लिए बेहतरीन रहा था साल 2024

28 साल की मंधाना ने पिछले साल 13 मैचों में 747 रन बनाए थे। वह साल 2024 की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रही थीं। मंधाना ने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 गेंद में 29 रन बनाकर की थी। इसके बाद उन्हें अगले वनडे के लिए छह महीने का इंतजार करना पड़ा था। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जब वह खेलीं तो शानदार फॉर्म में दिखीं। मंधाना ने 2024 में चार शतक के अलावा तीन अर्धशतक भी लगाए। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर 136 रन रहा था।

सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे टीम में भी मिली थी जगह

आईसीसी ने हाल ही में सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे टीम की घोषणा भी की थी जिसमें दो भारतीय को जगह दी गई थी। इनमें स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा शामिल थीं। मंधाना को इसमें सलामी बल्लेबाज के तौर पर जगह दी गई थी। स्मृति के अलावा श्रीलंका की चामरी अट्टापट्टू, दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ट और ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड सर्वश्रेष्ठ वनडे खिलाड़ी पुरस्कार की दौड़ में शामिल थीं, लेकिन मंधाना ने इन सभी को पीछे छोड़ा।




# बुमराह, जडेजा और जायसवाल को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह

भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह, अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शुक्रवार को 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह मिली। इंग्लैंड के चार खिलाड़ी भी इस टीम का हिस्सा हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को कप्तान बनाया गया है। टीम में दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन सहित न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। आईसीसी की इस ऑल स्टार टीम में जगह बनाने वाले कमिंस एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। बुमराह ने 2024 में शानदार प्रदर्शन किया और प्रत्येक टीम तथा प्रत्येक उस बल्लेबाज पर दबदबा बनाया जिसे उन्होंने गेंदबाजी की। वह टेस्ट क्रिकेट में 20 से कम की औसत से कम से कम 200 विकेट चटकाने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने और इतिहास में अपना नाम लिखवाया। बुमराह ने 2024 में 14.92 के औसत से 71 विकेट चटकाए और टेस्ट क्रिकेट में साल में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट चटकाए लेकिन भारत को पांच मैच की श्रृंखला में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। बुमराह ने साल की शानदार शुरुआत करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ चार मैच में 19 विकेट चटकाए जिसमें विशाखापत्तम में मैच में नौ विकेट भी शामिल हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ स्वदेश में दो मैच में 11 विकेट हासिल किए। बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर सिर्फ तीन विकेट चटका पाए और भारत को 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। इस तेज गेंदबाज ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। जडेजा ने 2024 में 29.27 के औसत से 527 रन बनाने के अलावा 24.29 के प्रभावी औसत से 48 विकेट भी चटकाए। जायसवाल ने स्वयं को शीर्ष टेस्ट सलामी बल्लेबाज के रूप में स्थापित किया और 2024 में भारतीय बल्लेबाजों के बीच शानदार प्रदर्शन किया। दक्षिण अफ्रीका में चुनौतीपूर्ण श्रृंखला के बाद इंग्लैंड के खिलाफघरेलू श्रृंखला में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 712 रन बनाए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में दो दोहरे शतक और तीन अर्धशतक जड़ते हुए दबदबा बनाया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में चार पारियों में तीन अर्धशतक जड़े। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भारत को बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा लेकिन वह प्रभावी प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जायसवाल ने पर्थ में पहली पारी में खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बनाकर भारत की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। वह 391 रन के साथ श्रृंखला में भारत के शीर्ष स्कोरर रहे। जायसाल ने कैलेंडर वर्ष में 54.74 के प्रभावी औसत से कुल 1478 रन बनाए।

उनसे अधिक रन सिर्फ इंग्लैंड के जो रूट (2024 में 55.57 के औसत से 1556 रन) बना पाए। रूट को भी आईसीसी की ऑल स्टार टीम में जगह मिली है। विलियमसन ने भी 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 59.58 के शानदार औसत से 1013 रन बनाए जिससे वह साल में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में छठे स्थान पर रहे। श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस ने भी 74.92 के बेहद शानदार औसत के साथ 2024 में 1049 रन बनाते हुए टीम में जगह बनाई। कमिंस की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफश्रृंखला जीती। उन्होंने 2024 में 24.02 के औसत से 37 विकेट चटकाने के अलावा 23.53 के औसत से 306 रन भी बनाए। आईसीसी की 2024 की साल की सर्वश्रेष्ठ टीमरू पैट कमिंस (कप्तान) (ऑस्ट्रेलिया), यशस्वी जायसवाल (भारत), बेन डकेट (इंग्लैंड), केन विलियमसन (न्यूजीलैंड), जो रूट (इंग्लैंड), हैरी ब्रूक (इंग्लैंड), कामिंदु मेंडिस (श्रीलंका), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), रविंद्र जडेजा (भारत), मैट हेनरी (न्यूजीलैंड) और जसप्रीत बुमराह (भारत)।


# शतरंज में फिर बजा भारत का डंका, तमिलनाडु का खिलाड़ी बना जोहोर इंटरनेशनल ओपन कप का चौंपियन

भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियन पन्नीरसेल्वम ने मलेशिया में 9वां जोहोर इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया है। तमिलनाडु के इरोड के 22 साल के इनियन ने 9 खेलों में 8.5 अंक हासिल किए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी से 1.5 अंक आगे रहते हुए चार इंटरनेशनल मास्टर्स और एक ग्रैंडमास्टर को हराया। ये 9 राउंड का टूर्नामेंट गुरुवार को समाप्त हुआ। जिसमें आठ देशों के 84 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 24 खिलाड़ी टाइटलधारी थे। अंतिम राउंड से पहले ही इनियन ने इंडोनेशियाई आईएम नयाका बुधिधर्मा को हराकर खिताब पक्का कर लिया था। वह अंक तालिका में 1.5 अंक से आगे थे। अंतिम राउंड में इनियन ने वियतनामी जीएम गुयेन वान हुई को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय आईएम वीएस राहुल और चीनी आईएम ली ब्रो क्रमशरू दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इनियन जिन्होंने जनवरी में चेन्नई ओपन भी जीत था। उन्होंने इस खिताबी जीत से 15 रेटिंग अंक हासिल किए। पन्नीरसेल्वम इनियान थ्व्क्म् द्वारा ग्रैंडमास्टर की उपाधि से सम्मानित होने वाले भारत के 71वें खिलाड़ी हैं। उन्होंने जून 2017 में सियुताट डी मोंटकाडा ओपन में पहला जीएम मानदंड हासिल किया। फरवरी 2018 में बोललिंगन ओपन में दूसरा, जुलाई 2018 में बोबलिंगन ओपन में दूसरा, जुलाई 2018 में बारबेरा डेल वैलेस ओपन में तीसरा। इसके अलावा 2017 में एंडोरा ओपन में चौथा स्थान, जनवरी 2018 में विलोरबा में कोप्पा वेरगानी में रिचर्ड रैपॉर्ट के बाद दूसरा स्थान हासिल किया था।

# नोमान अली ने वेस्टइंडीज के खिलाफरच दिया इतिहास, टेस्ट में हैट्रिक लेने वाले पहले पाक स्पिनर बने

पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, नोमान ने वेस्टइंडीज के खिलाफदूसरे टेस्ट मैच में हैट्रिक लेकर कमाल कर दिया है। वह ऐसा करने वाले पाकिस्तान के पहले स्पिनर बन गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफदूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। पहली पारी में पाकिस्तान की टीम गेंदबाजी करने उतरी और इस इनिंग के 12वें ओवर में नोमान अली ने कमाल कर दिया। नोमान अली ने इस ओवर की पहली, दूसरी और तीसरी गेंद पर सफलता अर्जित की और टेस्ट क्रिकेट में पहली बार हैट्रिक विकेट लेने की उपलब्धि अपने नाम कर ली। नोमान अली ने पहली पारी के 12वें ओवर की पहली गेंद पर जस्टिन ग्रीव्स को बाबर आजम के हाथों कैच आउट करवा दिया जिन्होंने 3 गेंदों का सामना करते हुए सिर्फएक रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने दूसरी गेंद पर टेविन इमलाच को पगबाधा आउट कर दिया और वो खाता भी नहीं खोल पाए। 12वें ओवर की तीसरी गेंद पर नोमान ने फिर से केविन सिंक्लेयर को बाबर आजम के हाथों कैच करवा दिया और हैट्रिक पूरी कर ली। केविन भी पहली पारी में खाता नहीं खोल पाए। यही नहीं टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान की तरफ से किसी भी गेंदबाज ने 5 साल के बाद हैट्रिक विकेट लेने का भी कमाल किया। दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में खबर लिखे जाने तक वेस्टइंडीज की टीम ने 8 विकेट पर 64 रन बनाए और रन बनाने के लिए ये टीम जूझ रही थी।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 2261 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 2268 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7952898 65,9839177 72 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।